प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 07.09.2024

- **अपराध व अपराधियों पर कानपुर देहात पुलिस की कड़ी कार्यवाही जारी।**
- **बावरिया/कच्छा-बनियान /घुमन्तु तथा अन्य अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये गये "रात्रि डोमिनेशन विशेष अभियान" के तहत कानपुर देहात पुलिस को मिली सफलता।**
- **थाना डेरापुर पुलिस द्वारा 02 बाइक चोरों को 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस आधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में बावरिया/कच्छा-बनियान गिरोह/घुमन्तु तथा अन्य अपराधियों की चेकिंग हेतु चलाये गये रात्रि डोमिनेशन अभियान के क्रम में थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा मंगलपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान गलुवापुर की तरफ से एक साथ आ रही तीन मोटरसाईकिलों को टार्च दिखाकर रुकने का इशारा करने पर पुलिसकर्मियों को देखकर एकबारगी मुड़कर भागने का प्रयास किया गया, जिसपर पुलिस द्वारा शक होने पर घेराबंदी कर न्यूनतम बल प्रयोग करते हुए 02 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया, तथा एक अन्य संदिग्ध व्यक्ति की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिरने पर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तो द्वारा पूछताछ में अपने नाम 1.अरशद पुत्र अफसर निवासी वार्ड नं0-10 प्रताप नगर कस्बा व थाना डेरापुर कानपुर देहात, 2.आजिम उर्फ आजम पुत्र बादशाह निवासी रसधान थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात बताये गये तथा फरार अभियुक्त का नाम अंकित यादव उर्फ राहुल पुत्र सुरेश यादव निवासी उलरापुर थाना रूरा कानपुर देहात बताया गया, बरामद तीनों मोटरसाइकिलों को उनके इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर से चेक करने पर अभियुक्त अरशद पुत्र अफसर से बरामद मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में थाना कोतवाली भिण्ड जिला भिण्ड मध्यप्रदेश में मु0अ0सं0-0131/2022 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर शेष मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में जानकारी न होने पर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात में मु0अ0सं0-0151/2024 धारा 317(2)/347(1) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे हैं।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगण से भागने व मोटरसाइकिल के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि हमारा साथी अंकित यादव उर्फ राहुल पुत्र सुरेश यादव निवासी उलरापुर थाना रूरा कानपुर देहात जो अभी मोटरसाइकिल छोडकर भाग गया है उसके साथ मिलकर हम मोटरसाइकिल चोरी करते है तथा पहचान छिपाने के लिये दूसरी गाडियों की नम्बर प्लेट लगा लेते है या फिर नम्बर प्लेट नहीं लगाते हैं। आज हम लोग इन तीनों मोटरसाइकिलों को बेचने के लिये जा रहे थे। कि आप लोगों ने पकड लिया।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का विवरण-

1. अरशद पुत्र अफसर निवासी वार्ड नं0 10 प्रताप नगर कस्बा व थाना डेरापुर कानपुर देहात।
2. आजिम उर्फ आजम पुत्र बादशाह निवासी रसधान थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी-

1. UP77AC7531 स्पलेण्डर प्लस रंग ब्लैक सिल्वर।
2. हीरो स्पलेण्डर प्लस रंग काला बिना नम्बर प्लेट।
3. मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे रंग काला बिना नम्बर प्लेट।

अभियुक्त आजिम उर्फ आजम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0169/2019 धारा 308/323/504/506 भादवि, थाना सिकन्दरा, जनपद कानपुर देहात
2. मु0अ0सं0 0151/2024 धारा 317(2)/347(1) बीएनएस, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त अरशद उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं 0151/2024 धारा 317(2)/347(1) बीएनएस, थाना डेरापुर, जनपद कानपुर देहात

गिरफ्तार करने वाली थाना डेरापुर पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री देवेन्द्र कुमार
2. वरिष्ठ उप निरीक्षक श्री धीरेन्द्र सिंह
3. उप निरीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह
4. उ0नि0 श्री केशव देव
5. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र सिंह
6. का0 196 रवि कुमार
7. का0 100 शेखर